हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

11 इनेलो विधायक आदित्य ने किया मंडियों का निरीक्षण



12 बैसाखी पर्व : भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम



## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन मुस्कान : चार बच्चे करवाए श्रम मुक्त

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो समय-समय पर बाल श्रम के मामलों की जांच करती है। इसी क्रम में टीम ने गांव बादली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान चार बच्चों को बाल श्रम करते हुए पाया गया, जिन्हें तुरंत रेस्क्यू कर मुक्त कराया गया।

### तीन अवैध हथियार सहित आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि मुख्य सिपाही नरेश कुमार की टीम थाना बेरी क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि दीपक निवासी गांव माजरा डी, छुछकवास-मातनहेल रोड पर एक होटल के पास अवैध हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने अवैध हथियार अपने घर पर छुपाकर रखे हुए हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से तीन अवैध हथियार, 17 जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन बरामद की। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पर पहले से हत्या, जानलेवा हमला और लड़ाई-झगड़े के कई मामले दर्ज हैं।

### 18 को बहादुरगढ़ पहुंचेगी सद्भाव यात्रा

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विदेशी मामले विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा शनिवार 18 अप्रैल को खरखौदा हलके से गांव बरौना से होते हुए बहादुरगढ़ में प्रवेश करेगी। अनिश उर्फ लीला पहलवान ने बताया कि गांव निलौठी में यात्रा का जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। निलोठी के बाद यात्रा जसौर खेड़ी व आसौदा होते हुए बराही पहुंचेगी। रात्रि ठहराव बहादुरगढ़ की दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला में होगा। अनिश ने बताया कि इसे लेकर पूर्व मंत्री चौधरी विरेंद्र सिंह 15 अप्रैल की सुबह 10 बजे छोटूराम धर्मशाला में समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

### डीघल के साहिल फाइनेंसर हत्याकांड में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पैसों के लेनदेन व अपमान का बदला लेने के लिए की थी हत्या, तीन किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र गांव डीघल में आठ अप्रैल को फाइनेंसर साहिल उर्फ सोनू हत्याकांड मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि इस हत्याकांड में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान योगेश उर्फ जोगी, संदीप उर्फ लीला दोनों निवासी डीघल और शिवम दिल्ली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शिवम को 10 अप्रैल को नोएडा से गिरफ्तार किया गया था। उसे 11 अप्रैल को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने योगेश और संदीप को ढांसा बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड के पीछे आपसी रंजिश मुख्य कारण थी। संदीप और मृतक के बीच पैसों का लेनदेन, जबकि योगेश को मृतक द्वारा पहले पीटा गया था और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। इसी रंजिश व अपमान को लेकर आरोपियों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।



**झज्जर।** पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

#### हथियारों की जानकारी जुटाई जा रही



पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियारों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है जबकि वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी को पहले ही बरामद कर लिया गया था। पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ी से कड़ी जोड़कर जांच कर रही है ताकि किसी भी आरोपी को बख्शा न जाए। पुलिस ने हत्या की वारदात के चार अन्य साजिशकर्ता आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अमन निवासी बालंद, समीर निवासी निलोठी, हिमांशु और मनु निवासी लाइन पार बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। इनको गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेश अनुसार चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### केएमपी पर बादली टोल के पास हादसा

## सड़क किनारे खड़े वाहन से ट्रक की टक्कर, चालक की मौत

- केएमपी पर कई बार खड़े वाहनों से हो चुकी है टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस वे पर बादली टोल प्लाजा के पास दो वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश के रूप में हुई। रमेश खेड़ीसाध का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह कनार्टक से गाड़ी लेकर भिवानी के लिए चला था। रविवार को बादली टोल के निकट केएमपी पर पहुंचा तो यहां सड़क किनारे खड़े किसी वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में उसकी मौके पर जान चली गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। आरोप है कि किसी अज्ञात ने अपना वाहन सड़क पर लापरवाही पूर्वक खड़ा किया और हादसे के बाद भाग गया। इस आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इससे पहले भी केएमपी पर खड़े वाहन से टक्कर में हादसे हो चुके हैं। इसके बाववजूद लापरवाह वाहन चालक बाज नहीं आ रहे।

### संदिग्ध हालात में पुलिसकर्मी की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छपार में संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस के जवान की मौत हो गई। पुलिसकर्मी का शव गांव में पड़ा हुआ मिला। बाद में परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाएं। मृतक की पहचान नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के तौर पर की गई है। नरेंद्र हरियाणा पुलिस का जवान था और फिलहाल उसकी ड्यूटी पुलिस लाइन गुरुग्राम में थी।

### 70 एकड़ में काटी कॉलोनी पर कार्रवाई

## बालौर में पनप रही अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा



**बहादुरगढ़।** एसडीएम के समक्ष अपना पक्ष रखते प्रभावित लोग।

- लोगों ने तोड़फोड़ कार्रवाई का विरोध जताया, बाद में मिन्नत की
- एक गिरती दीवार की चपेट में आने से दो को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



रविवार को अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग ने कड़ा रुख अपनाया। डीटीपी की जेसीबी ने बालौर गांव के रकबे में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी में जमकर तोड़फोड़ की। करीब 70 एकड़ में काटी गई कॉलोनी पर पीला पंजा जमकर चला। इस दौरान दर्जन भर निर्माणाधीन भवनों और चारदीवारी को गिरा दिया गया।

तोड़फोड़ अभियान में एक डीलर कार्यालय, दो निर्माणधीन संरचना, 12 डीपीसी, छह चारदीवारी गिराई गई। इसके अलावा सराय औरंगाबाद के रकबे में ओमेक्स सिटी के एक अनधिकृत गेट को सील किया गया। एसडीएम अभिनव सिवाच की मौजूदगी में यह पूरी कार्रवाई हुई। इस दौरान डीटीपी अंजू व ड्यूटी मजिस्ट्रेट राजेश तोमर के साथ पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। दरअसल, तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पहले विरोध किया, कुछ लोग झगड़े पर भी उतारू हो गए। लेकिन जब बुलडोजर चला तो वही लोग हाथ जोड़कर मिन्नतें करते नजर आए। तोड़फोड़ के दौरान गिरती दीवार की चपेट में आने से दो लोगों को हल्की चोटें भी आई हैं। विरोध के बावजूद डीटीपी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रही। एसडीएम अभिनव सिवाच ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### 5 दिनों में 6 डिग्री बढ़ा तापमान, सताएगी गर्मी

**बहादुरगढ़।** मौसम में कई दिनों की उथल-पुथल के बाद अब दिनों दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। सोमवार की दोपहर तीखी तपिश के चलते काफी गर्मी महसूस हुई। अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री तक रहा। दरअसल, पिछले दिनों हुई बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई थी लेकिन अब बीते चंद दिनों से तापमान तेजी से बढ़ रहा है। बीते पांच दिनों में छह डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आगामी दिनों में तापमान और तेजी से बढ़ेगा। सोमवार को बढ़ते तापमान का असर देखने को मिला। तेज धूप के बीच हवा के गर्म झोंके सहने पड़े।

## चयनित छह गांवों के 273 पात्र परिवारों को आवंटित किए प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के सभागार में ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले के चयनित छह गांवों में पात्र परिवारों को सोमवार को प्लॉट आवंटित किए गए। एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में आयोजित इस ड्रॉ प्रक्रिया को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न किया गया। ड्रॉ में खंड बादली के गांव गोयला कलां 68 व लुकसर के 41, खंड बेरी के गांव बाकरा के 34 व सिवाना के 16 तथा खंड झज्जर के गांव बिरधाना के 57 व उखलचना के 57 को शामिल किया गया। इस प्रकार कुल 273 पात्र परिवारों को प्लॉट आवंटित किए गए।



**झज्जर।** नेहरू कॉलेज में ड्रॉ प्रक्रिया में भाग लेते उपस्थित अधिकारी।

### हाइवा में स्पार्किंग के चलते लगी आग, कैबिन जलकर राख

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में चलती हाइवा में अचानक आग लग गई। समय रहते चालक ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला लेकिन तब तक कैबिन जल चुका था। घटना सोमवार दोपहर की है। बताया जा रहा है कि नजफगढ़ रोड स्थित एक स्टॉक से हाइवा ट्रक बामड़ोली की ओर जा रहा था। इसे एटा यूपी का गुलशन चला रहा था। नाहरा-नाहरी रोड पर फ्लाईओवर के पास पहुंचते ही कैबिन में आग लग गई। आग तेज से फैलने लगी तो चालक गुलशन ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक कैबिन जल चुका था। स्पार्किंग के चलते आग लगने की आशंका है।



## यूपीएससी में तृतीय रहे एकांश ढुल का भव्य स्वागत

- हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कोच राकेश सांगवान ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2025 में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरी रैंक हासिल करने वाले एकांश ढुल का शहर के मॉडर्न स्कूल में भव्य और जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कोच राकेश सांगवान ने एकांश के साथ ही अन्य प्रतिभाओं का अभिनंदन किया।

बता दें कि मॉडर्न स्कूल के भव्य स्वागत समारोह में एकांश ढुल का उनकी बुआ उर्मिला सांगवान, फूफा राकेश कोच, भुवनेश सांगवान व प्रेरणा सांगवान ने जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़े के बीच लोवा सतरह के प्रधान अशोक मान, एसीपी प्रदीप खत्री, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन, डॉ राजीव राठी, प्रो. चरण सिंह, सज्जन दलाल, कप्तान सिंह, जजपा जिलाध्यक्ष संजय दलाल, पूर्व पार्षद वजीर राठी समेत सैकड़ों लोगों ने भव्य स्वागत किया।

राकेश कोच द्वारा आयोजित विशेष सम्मान समारोह में आईपीएस अधिकारी अभिलाष के पिता एस श्याम व मां संगीता वर्मा के अलावा आईएएस अधिकारी शिवांश राठी के पिता रवींद्र राठी का भी अभिनंदन किया गया। बता दें कि एकांश ने साल 2023 में यूपीएससी परीक्षा में 342वीं रैंक हासिल की थी। फिर 2024 में 295वीं और फिर 2025 में देश में तीसरा स्थान हासिल किया। एकांश के पिता कृष्ण ढुल हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं।

उनकी मां निर्मल ढुल पंचकूला के एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। कार्यक्रम में एसएचओ सतीश कुमार, जयभगवान दहिया, राहुल राठी, संजय अहलावत, उमेद सिंधु, मुकेश धनखड़, प्रवीण ओहल्याण समेत सभी वक्ताओं ने कहा कि एकांश ढुल की यह सफलता सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



**बहादुरगढ़।** एकांश ढुल का स्वागत सम्मान करते एचओए उपाध्यक्ष राकेश कोच व अन्य।

## एशियन चैंपियनशिप में दिनेश ने जीता ब्रांज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

किर्गिस्तान में हुई सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में झज्जर जिले के पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। अमन सहरावत के बाद अब हेवीवेट पहलवान दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया ने भी देश के लिए ब्रांज मेडल जीता है। दिनेश की जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है।

गत छह से 12 अप्रैल तक किर्गिस्तान के बिश्केक में यह चैंपियनशिप हुई। हेवीवेट 125 किलोग्राम भारवर्ग में दिनेश धनखड़ ने क्वालीफिकेशन राउंड में जापान के ताइकी यामोटो को 11-0 से हराया। फिर क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के हसनबाय रखिमोव को 10-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बहरीन के पहलवान से हार गए थे। इसके बाद ब्रांज मेडल के लिए किर्गिस्तान के पहलवान से मुकाबला हुआ। दमदार प्रदर्शन के बल पर 12-1 के अंतर से जीत दर्ज कर दिनेश ने देश की झोली में ब्रांज मेडल डाल दिया। दिनेश धनखड़ गांव गोयला कलां से हैं। भारतीय सेना में हवलदार हैं। इससे पहले रैंकिंग सीरीज तथा एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुके हैं। दिनेश का कहना है कि भविष्य में होने वाली चैंपियनशिप में और बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य रहेगा। उनका सपना ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है।



पहलवान दिनेश धनखड़।

## बहादुरगढ़ के खिलाड़ियों ने देश-दुनिया में पदक जीतकर लहराया परचम

### साम्या ने गुजरात में जीते गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल



**बहादुरगढ़।** चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी की तैराक साम्या शिंगारी ने गुजरात के अहमदाबाद में चल रही अस्मिता वूमेंस स्वीमिंग नेशनल प्रतियोगिता की 200 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में गोल्ड मेडल और 200 मीटर आईएम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया है। हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन और भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने साम्या की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। साम्या के पिता रवि शिंगारी हरियाणा तैराकी संघ के उपाध्यक्ष हैं।

### दिल्ली में परमानंद मलिक के नाम रहे 3 पदक



**बहादुरगढ़।** दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर में आयोजित नेशनल मास्टर गेम्स में बहादुरगढ़ के परमानंद मलिक छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए मलिक ने डिस्कस, हैमर और जैवलिन थ्रो में तीन सिलवर मेडल जीते। दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त परमानंद मलिक पिछले कई दशकों से खेलों में भाग ले रहे हैं। उम्र के पड़ाव में भी करीब 80 वर्षीय मलिक मेडल जीत रहे हैं। मलिक के मुताबिक, अभी तक वह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 333 मेडल जीत चुके हैं। उनकी जीत पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पायल व कैलाश को मिला गोल्ड



**बहादुरगढ़।** कोच के साथ विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा असम की डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी में नार्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें बहादुरगढ़ कराटे टेंपल एकेडमी के 7 खिलाड़ियों ने पदक जीते। कराटे कोच इशांत राठी के अनुसार, नार्थ ईस्ट इंटर जोन कराटे चैंपियनशिप में लड़कियों में 45 किलोग्राम भार वर्ग में अनामिका व 55 किलोग्राम भार वर्ग में मेयर शर्मा ने कांस्य पदक जीता। वहीं 61 किलोग्राम में मांडोठी की पायल दलाल ने स्वर्ण पदक जीता। लड़कों में 84 किलोग्राम में मांडोठी के कैलाश दलाल स्वर्ण पदक विजेता बने। वहीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में 61 किलोग्राम लड़कियों में मांडोठी की पायल दलाल ने रजत पदक, 68 किलोग्राम में जाखौदा की राजरानी कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों की टीम फाइट में जतिन दुलगच, ऋषभ राठी व कैलाश दलाल ने रजत पदक जीते। विजेता लड़कियों ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी और लड़कों ने चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया था।

## पंजाब में रजत पहलवान ने एक मिनट में जीता दंगल



रजत पहलवान।

- अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में करते हैं अभ्यास, पहले भी जीत चुके कई बड़े दंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए मेडल जीत चुके रजत पहलवान देशी दंगलों में भी धाक जमा रहे हैं। अब रजत रुहल ने पंजाब में आयोजित दंगल में पहली बड़ी कुश्ती में जीत दर्ज की। इस मुकाबले में रजत ने लाडपुरा मोटा अखाड़ा के पहलवान निशांत को एक मिनट में चित्त किया। आयोजकों की ओर से ईनामी राशि, गुर्ज और पटके आदि से रजत रुहल का अभिनंदन किया गया।

गांव रोहद निवासी रजत पिछले कुछ वर्षों से मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके अलावा देशभर में होने वाले बड़े दंगलों में भी लगातार जीत दर्ज कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। रजत का सपना ओलंपिक स्तर पर देश के लिए मेडल जीतना है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



रोहतक,मंगलवार
14 अप्रैल 2026
हरिभूमि

# सहेली



स्पेशल : वर्ल्ड आर्ट-डे, 15 अप्रैल

# रंगों-रेखाओं से खिलता है बचपन

अगर बच्चे रेखाओं के माध्यम से कोई आकृति बनाते हैं, उसमें रंग भरते हैं, मनमोहक चित्र सृजित करते हैं या कोई सुंदर-सा क्राफ्ट वर्क करते हैं तो उन्हें रोके-टोके नहीं, बच्चे को प्रोत्साहित करें। यह उनकी ऐसी अभिव्यक्ति है, जिससे बच्चों की रचनात्मकता तो बढ़ती ही है, उनका व्यक्तित्व भी निखरता-खिलता है।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते कुछ बरसों में बचपन के बहुत से रंग पढ़ाई के बोझ तले दबते जा रहे हैं। जबकि एकेडेमिक फ्रंट पर अच्छा परफॉर्म करने के साथ ही, बालमन के अहसासों की अभिव्यक्ति भी बहुत जरूरी है। समझना मुश्किल नहीं कि एक्सप्रेसिव होने के लिए कोई न कोई माध्यम चाहिए। आर्ट एंड क्राफ्ट बच्चों के मनोरंजन, मनोभावों के एक्सप्रेशन का एक अच्छा माध्यम है, साथ ही यह बच्चों को वर्चुअल दुनिया से दूर करके उन्हें रचनात्मक बनाकर सकारात्मक तरीके से व्यस्त रखने का एक सुंदर तरीका है। इसीलिए उम्र के एक पड़ाव पर बच्चों का सहज रूप से कोई ना कोई कलात्मक एक्टिविटीज करना जरूरी है। पैरेंट्स को भी बच्चों को आर्ट की दुनिया से जोड़कर रखने का प्रयास करना चाहिए। इससे बच्चे का व्यक्तित्व संवरता और निखरता है।

## कला से अभिव्यक्त होते एहसास

रंग, रेखाएं, आकार, कोई खास स्टाइल, बालमन में बसी कोई बनावट, ये सब मात्र कागज पर रंगीन कलम-पेंसिल से की गई कलात्मकता भर नहीं हैं। असल में देखा जाए तो यह बच्चों के मन की शब्दावली है। उनके भावों की अभिव्यक्ति है। बच्चों द्वारा उकेरी गई कोई भी कलाकृति उनके दुनिया को देखने के नजरिए को दर्शाती है। जिन भावनाओं और कल्पनाओं को शब्द नहीं दिए जा सकते, आर्ट एंड क्राफ्ट के जरिए बच्चे उन्हें रचनात्मक ढंग से एक्स्प्रेस कर सकते हैं। इससे बच्चे को कुछ नया भी एक्सप्लोर करने का अवसर मिलता है। अपनी सोच के मुताबिक वे कुछ विशेष रचते हैं। बच्चे लीक से हटकर सोचने और उसे धरातल पर उतारने की सोच से जुड़ते हैं। उनके मोटर स्किल्स निखरते हैं। यही वजह है कि आर्ट के माध्यम से अभिव्यक्त होते एहसास केवल मासूमियत के रंग भर नहीं होते, ये रंग और रेखाएं बच्चों की सोच-समझ को दिशा भी देते हैं।



## बच्चों की मन:स्थिति को समझें

अच्छे स्वास्थ्य और सकारात्मक व्यस्तता के लिए बहुत आवश्यक है कि बच्चे कुछ समय रंगों और रेखाओं की दुनिया में भी बिताएं। विशेषज्ञ मानते हैं कि पेंटिंग-ड्राइंग बच्चों के लिए अपनी खुशी, भय, गुस्से या किसी तरह की शिकायत को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने का माध्यम भी होते हैं। बच्चों की कलाकारी के मासूम रंग कई बार उनकी बिखरती मन:स्थिति से भी मिलवाते हैं। कुछ समय पहले नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स द्वारा यौन हिंसा के शिकार बच्चों का पता लगाने के लिए एक नई पहल भी यही बात कहती है। बाल आयोग के मुताबिक बच्चों के सेक्सुअल हेरेसमेंट का पता लगाने के लिए आर्ट सबसे बेहतरीन माध्यम है। ड्राइंग या पेंटिंग के जरिए न केवल बच्चे खुलकर अपनी बात कह पाते हैं बल्कि उनके दर्द को समझा भी जा सकता है। आमतौर पर शोषण के शिकार बच्चे अपनी बात कहने में डरते हैं। किसी के आगे अपना मन नहीं खोलते। यही वजह है कि आयोग द्वारा 'असेसमेंट ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल वॉयलेंस विथ द हेल्प ऑफ ड्राइंग' के लिए ड्राफ्ट रिपोर्ट भी जारी की गई। इस रिपोर्ट को एम्स के डिपार्टमेंट ऑफ साइकिएट्री की मदद से बनाया गया है, रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्राइंग, बच्चों से बातचीत शुरू करने का सही माध्यम है। जरूरी है पैरेंट्स भी बच्चों की कलात्मकता में छिपे मनोभावों को समझें। यह उनकी सुरक्षा से जुड़ा पहलू तो है ही, उनके मन को समझने का एक प्यारा-सा जरिया भी है। ❀

### बच्चे की रुचि-रुझान को जानें-समझें

**पैरेंट्स को** इस क्षेत्र में अपने बच्चों के रुचि-रुझान को गंभीरता से देखने-समझने का भी प्रयास करना चाहिए। सचमुच दिलचस्पी हो तो बचपन में भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनी आर्ट, आगे चलकर बच्चे को आर्ट की



दुनिया में अपना भविष्य बनाने की राह बना सकते हैं। इसीलिए बच्चों के आर्ट-क्राफ्ट से जुड़े कामों की प्रशंसा अवश्य करें। स्केचिंग, पेंटिंग, स्कल्प्चर मेकिंग या क्ले, ये सब जब बच्चे मन से करें तो उनकी रुचि को देखते हुए इससे जुड़े सामान लाकर देकर उन्हें प्रोत्साहित करें। अपने परिवार में उनकी रुचि की चर्चा कर प्रेरणादायी परिवेश बनाएं। बचपन की रंगीन यादों को सहेजने के लिए उनके बनाए आर्ट वर्क को फ्रेम करवाकर घर में लगाएं। बच्चों के कमरे की सजावट के लिए उनके ही बनाए चित्र लगाना भी एक अच्छी पहल होगी। जरूरी यह भी है कि पैरेंट्स उनके क्रिएटिव एक्सप्रेशन की उपेक्षा करने के बजाय, इससे जुड़ी जानकारियां उनसे साझा करें। आज की वर्चुअल व्यस्तता में बच्चों को आर्ट एग्जीबिशन में ले जाने जैसी एक्टिविटी बच्चों की रुचि को समझने में हेल्प करेगी। साथ ही पार्क, चिड़ियाघर, प्राकृतिक स्थल और म्यूजियम जैसी जगहों पर भी बच्चे बहुत मन से चीजें देखते हैं। ज्यादातर बच्चे जानवरों और मौसम के रंगों को देखते हैं। इन्हें वे अपनी आर्ट में ढालने में भी रुचि लेते हैं।

# तारीफ करना भी एक कला है

अगर कोई अच्छा काम कर रहा है तो उसकी तारीफ हमें जरूर करनी चाहिए, इसका इंसान पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब हम तारीफ सही ढंग से करेंगे। तारीफ कैसे की जाए, इसके क्या फायदे हैं, जानिए।

सलीका
शिखर चंद जैन



तारीफ करना वैसे तो एक सामान्य-सी आदत है, लेकिन इसका सही समय पर ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो यह सामने वाले का आत्मविश्वास बढ़ा सकती है, रिश्ते मजबूत कर सकती है। इतना ही नहीं तारीफ वर्किंग प्लेस की प्रोडक्टिविटी में भी इजाफा कर सकती है। डेल कार्नेगी से लेकर रॉबर्ट सियाल्डिनी जैसे दिग्गजों ने अपनी बेस्टसेलर किताबों में तारीफ को रिश्ते मजबूत करने का सबसे कारगर तरीका बताया है। लेकिन इसमें बनावट, व्यंग्य या चापलूसी दिखाई दे तो इसका असर उल्टा भी हो सकता है। इसलिए तारीफ करना एक कला ही नहीं, मनोविज्ञान भी है।

**तारीफ का मनोवैज्ञानिक प्रभाव:** तारीफ इंसानी स्वभाव से जुड़ी एक बुनियादी जरूरत को पूरा करती है। यह जेनुइन रिकगनिशन यानी ईमानदार मान्यता है। इस पर पारस्परिकता का नियम यानी लॉ ऑफ रेसीप्रोसिटी भी लागू होता है। सोशल साइकोलॉजिस्ट रॉबर्ट सियाल्डिनी के अनुसार, 'जब आप किसी की तारीफ करते हैं, तो वह मनोवैज्ञानिक रूप से आपका साथ देने या आपको पसंद करने के लिए बाध्य महसूस करता है। तारीफ केवल शब्द नहीं है, सामने वाले के अस्तित्व को दी गई एक मान्यता है। हर इंसान को तारीफ की जरूरत होती है। अब्राहम मेस्लो का 'हायरार्की ऑफ नीड्स' सिद्धांत कहता है कि जब किसी को ईमानदारी से सराहा जाता है तो उसके अंदर 'सेल्फ-वैल्यू' की भावना उत्पन्न होती है, जो मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और प्रेरणा के लिए आवश्यक है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि अगर आप किसी की तारीफ कर रही हैं या तारीफ करना चाहती हैं तो इसके कुछ वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं को अवश्य ध्यान में रखें।

**स्पेसिफिक तारीफ करें:** किसी की तारीफ जनरेलाइज के बजाय स्पेसिफिक रहकर करें। 'आप अच्छा काम करते हैं' के बजाय इस तरह से कहकर तारीफ करें 'आपने रिपोर्ट में जो डेटा विजुअल्स डाले, वे वास्तव में बेहद असरदार थे।' ऐसा कहने का ज्यादा प्रभाव होगा।

**प्रयासों की सराहना करें:** माइंडसेट पुस्तक के लेखक कैरल ड्वेक के अनुसार, 'किसी की बुद्धि के बजाय उसके कठिन परिश्रम की तारीफ करने से वह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होता है।'

**सही मौके पर करें तारीफ:** तारीफ का प्रभाव तब ज्यादा होता है, जब वह किसी कार्य या घटना के तुरंत बाद की जाती है। देरी से की गई तारीफ का प्रभाव कम हो जाता है, भले ही वह कितनी भी ईमानदारी से क्यों न की गई हो।

**पीठ पीछे भी करें तारीफ:** जब आप किसी की अनुपस्थिति में उसकी सराहना करती हैं, तो जब वह बात उस तक पहुंचती है, उसका मूल्य दोगुना हो जाता है। इसके लिए आपको ऐसे लोगों के बीच तारीफ करनी होगी, जो उसके संपर्क में रहते हैं।

**बॉडी लैंग्वेज का रखें ध्यान:** तारीफ में बॉडी लैंग्वेज काफी महत्वपूर्ण होती है। आंखों में देखना, मुस्कुराना और सौम्य स्वर में प्रशंसा करने से सामने वाले को वास्तविकता का बोध होता है। यह तारीफ को प्रभावशाली बनाता है।

**पब्लिक में प्रशंसा:** सबके सामने की गई तारीफ व्यक्ति के सामाजिक सम्मान को बढ़ाती है, उसे आपके प्रति वफादार बनाती है। ❀

### तारीफ करने-सुनने के फायदे

**प्रोडक्टिविटी में इजाफा:** गैलप के एक सर्वे के मुताबिक जिन कर्मचारियों को नियमित प्रशंसा मिलती है, वे 21 फीसदी अधिक प्रोडक्टिव होते हैं। वहीं हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू के अध्ययन के अनुसार सराहना पाने वाले कर्मचारियों में क्रिएटिविटी, टीमवर्क और एंप्लॉई सेटिस्फेक्शन का स्तर अधिक पाया गया।

**तनाव-अवसाद में कमी:** यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया की एक स्टडी में पाया गया कि प्रशंसा से एंग्जायटी और डिप्रेशन के स्तर में कमी आती है।

**रिश्तों में मिलती है मजबूती:** इंटरनेशनल सोशल साइंस जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार तारीफ से पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भरोसा और अपनापन बढ़ता है। जॉन गॉटमैन इंस्टीट्यूट की स्टडी कहती है कि ईमानदार प्रशंसा एक मजबूत भावनात्मक बैंक बैलेंस बनाने में मदद करती है, जिससे टकराव के समय भी रिश्तों में मजबूती बनी रहती है।

**डोपामाइन का संचार:** जब हमारी तारीफ होती है, तो मस्तिष्क में 'डोपामाइन' नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो हमें खुशी और संतुष्टि का अहसास कराता है। यह वही रिवॉर्ड सिस्टम है, जो खुशी प्रदान करती है।

बैसाखी एक ऐसा सांस्कृतिक पर्व है, जिसे पूरे देश में अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। कहीं इस पर्व को नववर्ष के रूप में मनाते हैं तो कहीं फसल तैयार होने के उल्लास के रूप में। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, धार्मिक आस्था और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश भी देता है।

# सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बैसाखी का पर्व

सांस्कृतिक पर्व
आर. सी. शर्मा



भारतीय समाज की संरचना जितनी मिश्रित है, उतनी ही खूबसूरत भी है। यहां धर्म, संस्कृति, भाषा और जीवनशैली की विविधताएं मिलकर एक अद्भुत ताना-बाना रचती हैं और इसी ताने-बाने को मजबूती देने में त्योहारों की इंद्रधनुषी भूमिका होती है। बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर सिख धर्म से जुड़ा है। 13 अप्रैल 1699 को इसी बैसाखी के दिन ही खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोविंद सिंह द्वारा की गई थी। इसलिए यह दिन सिखों के लिए बहुत महत्वपूर्ण और आत्म-गौरव का प्रतीक पर्व माना जाता है। इसे कई अन्य प्रदेशों में भी मनाया जाता है।

**कई रूपों में मनाते हैं पर्व:** बैसाखी के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग धार्मिक और सांस्कृतिक रूपों में नववर्ष का उल्लास देखने को मिलता है। इसी दिन पश्चिम बंगाल में पोइला बोइशाख यानी बंगाली नववर्ष भी मनाते हैं। इस दिन वहां सांस्कृतिक जुलूस, गीत, संगीत के आयोजन होते हैं। पारंपरिक नए परिधानों में सजे लोग पोइला बोइशाख धूमधाम से मनाते हैं। बंगाल में यह दिन व्यापारियों के लिए नया खाता खोलने का दिन भी माना जाता है। केरल और असम में भी क्रमशः विशु और बोहाग बिहू जैसे रंग-बिरंगे त्योहारों की छटा इसी अवसर पर बिखरती है। केरल में विशु पर्व, समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। बोहाग बिहू, असम का सबसे बड़ा पर्व खेती और नववर्ष दोनों का साझा उत्सव होता है, जिसमें लोकगीत और लोकनृत्यों की धूम होती है। बैसाखी के दिन जहां पंजाब, हरियाणा और समूचे उत्तर भारत में गुरुद्वारों में कीर्तन, लंगर का आयोजन होता है, वहीं तमिलनाडु में इस दिन पुथांडु यानी तमिल नववर्ष मनाया जाता है। इस तरह यह पर्व पूरे देश में विभिन्न रूपों में मनाते हैं।



असम में मनाते हैं बोहाग बिहू

**सिखों के लिए विशेष महत्व:** निःसंदेह त्योहारों की इस इंद्रधनुषी छटा में बैसाखी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व विशेष रूप से उल्लेखनीय है। खालसा पंथ की स्थापना से जुड़ी ऐतिहासिक घटना, सिर्फ धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि भारत की सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी है। खालसा पंथ की स्थापना ने सिख समुदाय को एक नई और विशिष्ट पहचान दी। खालसा पंथ की स्थापना ने दरअसल, सिख समुदाय को एक नई पहचान, अनुशासन और साहस का प्रदान किया जाना था। इस दिन देशभर के गुरुद्वारों में विशेष शबद, कीर्तन और प्रभात फेरियां आयोजित होती हैं। इस दिन भव्य लंगर का भी आयोजन होता है।

**किसानों के उल्लास का प्रतीक:** भले ही बैसाखी के पर्व को अलग-अलग रूपों में देश भर में मनाया जाता है। लेकिन कहीं न कहीं ये सारे नववर्षीय पर्व भारत की कृषि प्रधानता को भी रेखांकित करते हैं। उत्तर भारत में यह रबी की फसल की कटाई का समय होता है। किसानों के लिए केवल फसल काटने के लिए ही नहीं बल्कि मेहनत का फल मिलने का भी क्षण होता है। इस तरह बैसाखी किसानों की इस खुशी का उल्लास बन जाती है।

**आपसी जुड़ाव का पर्व:** पंजाब और हरियाणा में बैसाखी के अवसर पर खेतों में भांगड़ा और गिद्दा जैसे लोकनृत्य किए जाते हैं। यह केवल मनोरंजन नहीं बल्कि ईश्वर के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक भी होता है। बैसाखी भारतीय समाज की विविधता में एकता का प्रतीक पर्व है। ❀

स्किन केयर
नैंसी गुप्ता

# स्किन टैनिंग से होगा बचाव
## अपनाएं ये सरल-कारगर उपाय

गर्मी का मौसम आते ही दिन के समय बाहर निकलने पर तेज धूप और यूवी किरणें हमारी त्वचा पर असर डालने लगती हैं। इन दिनों स्किन टैन होना एक आम समस्या बन जाती है, जिससे त्वचा का रंग अनईवन या डार्क नजर आने लगता है। इनसे बचने के लिए लोग ब्यूटी प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो कुछ सरल प्राकृतिक उपायों को आजमा सकती हैं। इससे भी स्किन टैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी।



**दही-बेसन का पैक:** दही और बेसन का मिश्रण, त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड, टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है, जबकि बेसन स्किन को क्लीन और एक्सफोलिएट करता है। इस पैक को हफ्ते में 2-3 बार लगाने से त्वचा में निखार आता है।



**नीबू-शहद का पैक:** नीबू में ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो टैनिंग को हल्का करने में सहायक होती हैं। शहद, त्वचा को मॉयश्चराइज करता है। इन दोनों को मिलाकर लगाने से स्किन क्लीन और ग्लोइंग बनती है। लेकिन ध्यान रखें कि इसे स्किन पर लगाने के बाद धूप में जाने से बचना चाहिए।

**एलोवेरा से मिले स्किन को ठंडक:** एलोवेरा, गर्मियों में न सिर्फ स्किन को ठंडक देता है, बल्कि टैनिंग को कम करने में भी मदद करता है। ताजे एलोवेरा जैल को चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट बाद साफ पानी से धोने से स्किन फ्रेश हो जाती है।

**खीरा-गुलाब जल का टोनर:** खीरा त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ टैनिंग को भी कम करता है। यही गुण गुलाब जल में होता है। खीरे के रस में गुलाब जल को अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर लगाने से स्किन को ताजगी मिलती है।

**ठंडे दूध से मसाज:** कच्चा, ठंडा दूध स्किन को क्लीन करने का बेहतरीन तरीका है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को मुलायम बनाते हैं और टैनिंग को धीरे-धीरे कम करते हैं।



**अच्छा क्लींजर है नारियल पानी:** नारियल पानी स्किन को अंदर से साफ करने में मदद करता है। इसे चेहरे पर लगाने से टैनिंग धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**टमाटर का रस है इफेक्टिव:** टमाटर में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो टैनिंग को कम करने में मदद करते हैं। आप चाहें तो टमाटर के रस को सीधे स्किन पर लगा सकती हैं। इसका रेग्युलर इस्तेमाल करने से स्किन ब्राइट होती है और सन रेज से होने वाला स्किन डैमेज कम होता है। ❀

**(स्किन केयर एक्सपर्ट निर्मल चावला से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन
चेतना झा

अगर आप बेबी प्लान कर रही हैं तो आपको अपनी और आने वाले बच्चे की हेल्थ से जुड़ी कुछ तैयारियां कर लेनी चाहिए। कौन सी हैं वो तैयारियां, जानिए।

# बेबी प्लानिंग से पहले कई लेवल पर करें तैयारी

घर के आंगन में किलकारी गूंजे, यह ख्वाहिश हर शादी-शुदा जोड़े की होती है। आप भी इस मोड़ पर पहुंची हैं, जहां बाहों में नन्हे-मुन्ने को समेटने को मन मचल रहा है तो कुछ तैयारियां करने का समय आ गया है। ये तैयारियां कई स्तर की हैं। कुछ शरीर के स्तर पर तो कुछ मन के स्तर पर। कुछ करियर के मसले हैं तो कुछ पारिवारिक। इन सभी के बारे में यहां आपको बता रहे हैं।

**तनाव की छुट्टी:** अब जब आपने मां बनने का निर्णय लिया है तो सबसे पहले तनाव को गुड बाय कहिए। तनाव दरअसल, बर्थ कंट्रोल की गोलियों की तरह ही काम करता है। जाहिर है, मां बनना चाहती हैं, तो इसे छोड़ना होगा। इससे बचने के लिए पहचानिए क्या हैं आपके तनाव के खास कारण। यदि पैसों के मामले में जीवनसाथी से झगड़े होते हैं तो बेहतर है कि पहले काउंसलर या फाइनेंशियल प्लानर से बात कर समस्या को जड़ से दूर करें। कोलाहल भरे रास्ते से आना-जाना मजबूरी हो तो क्यों ना कोई ऐसा वैकल्पिक रास्ता ढूंढें जो भले थोड़ी अधिक दूरी का हो, पर सुकून भरा हो।





**दवाओं पर दें ध्यान:** बेबी प्लानिंग के साथ आप जब डॉक्टर से मिलेंगी तो वे आपको कुछ खास दवाएं लेने को कह सकती हैं। आपकी खुराक में पर्याप्त फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम और विटामिंस होने चाहिए। फोलिक एसिड बच्चे को जन्मजात विकृतियों से बचाने में मददगार होता है। वहीं कैल्शियम सप्लीमेंट्स, आपकी हड्डियों और आपके दांतों की मजबूती के लिए जरूरी हैं।

**न्यूट्रिशस डाइट:** खाने में दूध और दूध से बने पदार्थ जैसे खोया, पनीर, छेना आदि शामिल करना चाहिए। मौसमी सब्जियां और फल जैसे गाजर, टमाटर, सेब, केला, नारंगी आपको अपनी डेली डाइट में शामिल करना जरूरी है। ये फल आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन-ए, विटामिन-सी आदि के अच्छे स्रोत होते हैं। नॉनवेज खाती हैं तो हफ्ते में एक बार मछली, चिकन आदि खा सकती हैं। अंकुरित चना, मूंग में विटामिन-ई प्रचुर मात्रा में होता है। जिन्हें मां बनने में दिक्कत आ रही है, वे महिलाएं इसका सेवन जरूर करें। थोड़ी मात्रा में सूखे मेवे भी नियमित खाएं।

**रेग्युलर चेकअप:** बेबी प्लानिंग से पहले और शुरुआती महीनों में आरएच टाइपिंग, ब्लड ग्रुपिंग, वीडीआरएल, एचआईवी, आस्ट्रेलियन एंटीजेन, ब्लड शुगर, टीसी, डीसी, ईएसआर, हीमोग्लोबिन, थायरॉइड हार्मोंस जैसे- टी थ्री, टी फोर और टीएसएच, सीरम एफएसएच, एलएच, प्रोलेक्टिन, यूरिन कल्चर टेस्ट आदि जरूरत के मुताबिक डॉक्टर कराते हैं। प्रेग्नेंसी प्लान से पहले पति के स्पर्म की भी जांच कराते हैं। डॉक्टर पहले ही आश्वस्त हो जाते हैं कि संभावित गर्भ में थैलिसिमिया जैसी जेनेटिक बीमारियां नहीं हो। डॉक्टर की राय के अनुसार ये टेस्ट कराने में लापवाही न बरतें। ऐसा करना आपकी और होने वाले बच्चे की हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है। ❀

**(स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी लाल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### गोशाला के दानपात्र से चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** शहर के गुरुग्राम रोड स्थित गोकुल धाम गोशाला के कर्मचारियों द्वारा एक युवक पर दानपात्र से रुपये चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में महराना गांव निवासी बिजेंद्र ने बताया कि गोशाला में कॉलर का काम करता है। जब उसे रविवार की अलसुबह करीब तीन बजे दानपात्र के नजदीक आवाज सुनाई तो वह अनमोल नामक गार्ड के साथ वहां पहुंचा। उन्होंने जाकर देखा कि एक युवक हाथों में सरिया लिए दान पात्र से रुपये चोरी करने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद उन्होंने युवक को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी किए गए 2900 रुपये भी बरामद हुए हैं।

### सट्टा खाईवाली करता युवक किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर फाटक के पास पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद दुलारे के रूप में हुई है। यहां परनाला गांव में रहता है। उसके पास से सट्टा पर्चियां व करीब 5100 रुपये बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

### बिजली की शिकायतों की सुनवाई के लिए बैठक कल

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बुधवार को बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। बैठक फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी।

### समधान शिविर में की पेयजल की शिकायत

**झज्जर।** सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम दुरुस्त करवाना, नई पाइप लाइन बिछवाने, परिवार की आय दुरुस्त करवाने, बीपीएल कार्ड, अवैध कब्जे हटवाने बारे एवं विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने से संबंधित शिकायतें रखी। इस दौरान जिला स्तरीय समाधान शिविर में सात शिकायतें दर्ज की गई।

## इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने किया जिले की अनाज मंडियों का निरीक्षण

# मंडी में खरीद प्रक्रिया के सर्वर की धीमी गति किसानों के लिए बन रही आफत

**तकनीकी खराबी के चलते अनाज मंडी में लगे गेहूं के ढेर, समय पर नहीं हो पा रहा उठानः आदित्य**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

सोमवार दोपहर बाद डबवाली से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने स्थानीय अनाज मंडी परिसर का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। बाद में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि जिले की कई मंडियों का दौरा किया है लेकिन झज्जर की अनाज मंडी की स्थिति बेहद चिंताजनक है। मंडी में भारी मात्रा में गेहूं खुले में पड़ा हुआ है, लेकिन उसका उठान नहीं हो रहा। इसके अलावा, ऑनलाइन सिस्टम और सर्वर की समस्या के कारण किसानों को अपना अनाज बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को पूरे दिन मंडी में इंतजार करना पड़ता है,जिससे वे बेहद परेशान हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात यह दर्शाते हैं कि सरकार किसानों को परेशान करना चाहती है,ताकि उन्हें उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य न देना पड़े। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान, धर्मबीर दरोगा, पवन धनखड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे। गेहूं की आवक जोरों परःस्थानीय अनाजमंडी में सोमवार को 17600 क्विंटल गेहूं पहुंचा। मंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि कुल 283 किसानों के गेट पास बनाए गए। उन्होंने बताया कि अभी तक मंडी में कुल 8296 किसानों के गेट पास के माध्यम से कुल 497847 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके अलावा अभी तक 18500 क्विंटल गेहूं की फसल का उठान भी हो चुका है। आढ़तियों का कहना है कि यदि आवक को ध्यान में रखते हुए उठान कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आगामी दिनों में गेहूं उतारने वाले वाहनों को आवागमन में परेशानी आएगी। उठान कार्य की गति धीमी होने के कारण मंडी गेहूं से अटी पड़ी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभी तक कुल 69700 क्विंटल फसल का उठान किया गया है।


झज्जर। मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विधायक आदित्य देवीलाल।


बहादुरगढ़। किसानों की नष्ट हुई फसल का जायजा लेते आदित्य देवीलाल।

### मंडियों में बढ़ रही गेहूं की आवक

बहादुरगढ़। क्षेत्र की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक रफ्तार पकड़ रही है। सोमवार को बहादुरगढ़ अनाज मंडी में 19 गेट पास जारी होने के बाद 1163 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। वहीं आसौदा मंडी में 94 गेट पास के जरिए 4173 क्विंटल गेहूं पहुंचा। अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो बहादुरगढ़ मंडी में कुल 7128 क्विंटल और आसौदा मंडी में 74 हजार 846 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। दोनों मंडियों में मिलाकर कुल 81 हजार 975 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। सरकारी खरीद की बात करें तो बहादुरगढ़ मंडी में अब तक 5200 क्विंटल और आसौदा मंडी में 38 हजार 305 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इस तरह दोनों मंडियों में कुल 43 हजार 505 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हुई है। वहीं उठान की प्रक्रिया भी जारी है। बहादुरगढ़ मंडी में अब तक 885 क्विंटल और आसौदा मंडी में 13 हजार 729 क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है। आवक के मुकाबले खरीद व उठान प्रक्रिया धीमी है।

## आग लगने के बाद पीड़ित किसानों से मिलकर विधायक आदित्य ने जाना दर्द

- खेतों में आग लगने से नुकसान की भरपाई करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

इनेलो विधायक दल के नेता आदित्य देवीलाल ने सोमवार को गांव आसोदा स्थित अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से किसानों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। आदित्य देवीलाल ने गत दिवस आग लगने से किसानों की गेहूं की फसल नष्ट होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने आसोदा अनाज मंडी की व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी व्यक्त की। युवा इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भी प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों के लिए तमाम सुविधाएं सुनिश्चित होनी चाहिएं। इस मौके पर शीला नफे सिंह राठी, सतपाल पहलवान, रामनिवास सैनी, माया राठी, सीमा दलाल, धर्मबीर फौजी, राजबीर परनाला, जय सिंह गिधालिया, रामधन दलाल, सोनू सैनी, पप्पू प्रधान, मास्टर सुखबीर सरोहा आदि रहे।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। बेल्ट टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले खिलाड़ियों के साथ रजनीश चौधरी।

### इंडियन फाइटर्स क्लब में हुआ बेल्ट टेस्ट

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 स्थित इंडियन फाइटर्स क्लब में कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रधान रजनीश चौधरी ने खिलाड़ियों का परीक्षण लिया। उन्होंने प्रतिभागियों की तकनीक, फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया। सफल खिलाड़ियों को बेल्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान मानविक गुलिया ने सबसे कम उम्र में ब्लैक बेल्ट हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। येलो बेल्ट में मिरांश, तैला, जिया, शिवाय, वंश देसवाल, रोनित, ग्रिशिता, सार्विक, रेशु, दिव्यांश, सिवाज, आरव शर्मा, शानवी, विराज, त्रशा, वंश, दित्या, आद्वीश, आरोन, रोनित तथा कल्प भट्ट सफल रहे। ऑरेंज बेल्ट में वैभव, अनायशा और सायरा ने सफलता प्राप्त की। ग्रीन बेल्ट में सक्षम, जिया, अदिति, तनीषा, मेविन, अर्जुन, अनिका गुप्ता और तनीश ने बाजी मारी। जबकि सीनियर ग्रीन में चहक सफल रही। ब्राउन बेल्ट में अंश राठी, राधिका, अक्षत राठी, विवान और मनन ने सफलता हासिल की। सीनियर ब्राउन बेल्ट में दिव्यांशी, नवजीत दलाल और प्रीत सैनी सफल रहे।


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में बनाए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आयुष व कामिनी ने जीती प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य, प्रबंधन और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इससे विद्यार्थियों में उपभोक्ता व्यवहार, वित्तीय साक्षरता, सकल घरेलू उत्पाद और व्यावसायिक प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ी।

प्रतियोगिता में पहला स्थान आयुष, कामिनी, दूसरा स्थान सागर व तीसरा स्थान मुस्कान और दीपिका ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुमन हुड्डा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी। निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. धनजीत, प्रो. सज्जन कुमार और प्रो. सरला ने प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर प्रो. नीरज, प्रो. कविता, प्रो. सोमजीत, प्रो. संजीत, प्रो. पूनम और प्रो. सुनीता आदि ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।


बहादुरगढ़। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ रिसोर्स पर्सन व प्रिंसिपल।

### पेशेवर विकास के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** शहर के सैनिक पब्लिक स्कूल में सोमवार से सीबीपी (क्षमता निर्माण कार्यक्रम) का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल को अधिक प्रभावी बनाने तथा नई शिक्षण विधियों से अवगत करवाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सीबीपी प्रशिक्षण शिक्षकों के पेशेवर विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि छात्रों के समग्र विकास में भी सहायता मिलेगी। कार्यशाला में सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन ऋतुराज दहिया और अपूर्वा सिंह की अगुवाई में प्रशिक्षण के पहले दिन भौतिक विज्ञान की कार्यशाला आयोजित की गईं। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, एकता और खुशहाली का संदेश दिया।

## समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**बेरी।** समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के समाधान में अपने मूल उद्देश्य की पूर्ति करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान कर रहे हैं। सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान गांव दुजाना निवासी नवीन सैनी ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण नहीं होने की समस्या रखी। एसडीएम ने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्या का समाधान करवा दिया। शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, आदि शिकायतें रखी गई ।

## स्पोर्ट्स मीट में छुछकवास शाखा ने जीती ओवरऑल ट्राफी

- आरईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छुछकवास में 40वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

आरईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छुछकवास में सोमवार को संस्था के 40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतरशाखीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन गया। संस्था निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने प्राचार्य सुनील कादियान, लेवल कोर्डिनेटर शिवम सोनी व प्राइमरी शाखा प्रमुख मीना साहू सहित अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डाली। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। ध्वजारोहण के साथ स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि जितेंद्र सिंह अहलावत ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाते हैं। खेल प्रतियोगिताओं में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें 100, 200, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, बाधा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक व डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। छुछकवास शाखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी हासिल की।


झज्जर। मुख्यातिथि जितेंद्र सिंह अहलावत के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी एवं शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*


झज्जर। शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### शिविर में ग्रामीणों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा सोमवार को क्षेत्र के गांव बाजिदपुर टप्पा हवेली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संचालक डॉक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया, वहीं संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

## छात्राओं को नई तकनीकों की जानकारी देने के साथ कौशल विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

सोमवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रिमोट सेंसिंग, जीआईएस एवं इंटर्नशिप पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को आधुनिक तकनीकों एवं कॅरियर के नए अवसरों की जानकारी दी गई।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को नई तकनीकों को अपनाने एवं अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि इंटर्नशिप से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने की सलाह दी। एनआईजीएमटी फाउंडेशन के चीफ टेक्निकल लीडर रविंद्र नाथ तिवारी ने रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह तकनीक पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास, आपदा प्रबंधन तथा शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ईएसएस इंस्टीट्यूट के एमडी नवीन गोस्वामी ने इंटर्नशिप के महत्व को समझाते हुए कहा कि व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। मंच का संचालन विभागाध्यक्ष ज्योति द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नेहा नैन, डॉ. शालू शर्मा, सुजाता वर्मा, तनुजा उपस्थित रही।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं, प्रिंसिपल व स्टाफ।


बहादुरगढ़। पीएम के कार्यक्रम को देखतीं चेयरपर्सन व अन्य महिलाएं।

### महिलाओं ने देखा पीएम का लाइव प्रसारण

**बहादुरगढ़।** सोमवार को नारी शक्ति वंदन विषय पर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार साझा किए। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सितंबर 2023 में पारित इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। यह कानून संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर पार्षद राजबाला, पार्षद सविता सैनी, सीमा पंचाल, रितु, सुमन, बिमला, आशा, मंजू और शीला आदि मौजूद रहीं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पीएम मोदी का सुना संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

स्थानीय भाजपा कार्यालय कमलम में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने उपस्थित दर्ज कराई। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए इस ऐतिहासिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को नीति निर्माण में सशक्त भागीदारी प्रदान करेगा तथा देश के विकास को नई दिशा देगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और इसे महिला सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

## मिशन बुनियाद 2026-28 बैच के लेवल-3 परीक्षा का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# पढ़ाई पर फोकस और सवाल पूछने की आदत अपने अंदर विकसित करें विद्यार्थी : डीसी पाटिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को गांव खातीवास स्थित संस्कारम पब्लिक स्कूल में मिशन बुनियाद 2026-28 बैच के ओरिएंटेशन कार्यक्रम की लेवल-3 परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसका डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बेहद जरूरी है। बच्चे खुद मेहनत करते हुए अपने गांव, देश व प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आज के युग में प्रत्येक व्यक्ति का आत्मनिर्भर होना जरूरी है,यह तभी संभव है जब हम क्षेत्र में दक्षता हासिल करें। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और कहा कि थोड़े से प्रयास से हम परीक्षा में सफल हो सकते हैं। विद्यार्थी के मन में खेलने या मनोरंजन की रुचि जागृत हो तो केवल उसी पर फोकस करें और जब भी पढ़े पूरा मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। एक अच्छे विद्यार्थी की विशेषता यह होती है कि वह स्वयं अपनी पढ़ाई का कार्य नियमित रूप से पूरा करता है। इस दौरान संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महिपाल, डीईओ रतिंद्र सिंह, सुदर्शन पूनिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महिपाल एवं अन्य।


झज्जर। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

### मजदूरों की रिहाई की मांग को लेकर संगठन प्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

**झज्जर।** लंबित मांगों को लेकर गुरुग्राम के मानेसर सहित विभिन्न स्थानों पर आंदोलनरत मजदूरों पर कथित पुलिस दमन के विरोध में सोमवार को विभिन्न संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। लघु सचिवालय परिसर में सीआईटीयू, सर्व कर्मचारी संघ, आशा वर्कर और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य एकत्रित हुए तथा आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 55 मजदूरों की बिना शर्त रिहाई की मांग की। सीआईटीयू जिला कंवीनर किरण और सह कंवीनर संदीप ने कहा कि प्रदेश के कारखानों में मजदूरों का शोषण चरम पर है। मजदूरों से 12 से 14 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जबकि ओवरटाइम और साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले छह वर्षों से न्यूनतम मजदूरी तय नहीं किए जाने के कारण ही यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इस मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता रमेश जाखड़, रणवीर, एसकेएस जिला प्रधान रामबीर, देवेंद्र, राजेंद्र जुलाना, रामेश्वर, रणबीर राहड़, आशा वर्कर यूनियन से सविता और शर्मिला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### स्वयं-गणना में सक्रिय भूमिका निभाएं अधिकारी : डीसी



**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। जनगणना का पहला चरण 1 से 30 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वयं-गणना की सुविधा पोर्टल एसई.सीईएनएसयूएस.जीओवी.इन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नागरिकों को डिजिटल माध्यम से अपने विवरण स्वयं दर्ज करने का अवसर देती है। जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बनती है।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओम देवी (पत्नी) नरेन्द्र कुमार (पुत्र) सुरेन्द्र (पुत्र) धर्मपाल (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी स्व. श्री रामकिशन निवासी खातियोंवालीगली जटवाड़ा मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3B8K-5709 Ward No. 16 कॉलोनी जटवाडा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकोर्ड में ...... के नाम दर्ज है। रामकिशन की मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकोर्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत / वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वसीयत / वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक / तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3B8K5709 वार्ड नं. 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय मे आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 3B8K5709/73 वर्ग गज प्रार्थी ओम देवी (पत्नी) नरेन्द्र कुमार (पुत्र), सुरेन्द्र (पुत्र) धर्मपाल (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी श्री स्व. श्री रामकिशन के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमे नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहदुरगढ़।**

## खबर संक्षेप

### आग से बर्बाद फसल का मिले 60 हजार मुआवजा

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूपसिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि हर वर्ष प्रदेश में सैकड़ों एकड़ फसल कई कारणों से आग की भेंट चढ़ने से बर्बाद हो जाती हैं। बीमा कंपनियां आग से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं देती तथा हरियाणा सरकार भी कोई क्षतिपूर्ति नहीं करती। किसान हाथ मलते रह जाते हैं। उनकी साल भर की कमाई नष्ट हो जाती है। इस बार भी आसौदा समेत कई गांवों में पकी-पकाई गेहूं की फसलें आग लगने से जलकर राख हो गई हैं। हरियाणा सरकार को तुरंत संज्ञान लेते हुए पीड़ित किसानों को कम से कम 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देना चाहिए।

### जिले में आज से चलेगा जागरूकता अभियान

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार से जिलेभर में जन-जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत महिला सम्मेलन, पदयात्रा, बाइक एवं स्कूटी रैलियां तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वित प्रयास, प्रभावी जनसंपर्क और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### आंबेडकर जयंती पर आज सांखोल में लगेगा भंडारा

**बहादुरगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को गांव सांखोल के रविदास भवन में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए गांव के निवासी संजय ने बताया कि आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समस्त ग्रामवासियों की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है।

### बहादुरगढ़ में शतरंज प्रतियोगिता 26 को

**झज्जर।** जिला झज्जर चेस एसोसिएशन द्वारा आगामी 26 अप्रैल को बहादुरगढ़ स्थित बिरला ओपन माइंड स्कूल में चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले भर के विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराई जा रही इस चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 9 से 10 मई को अंडर 9 व 15 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय चैस चैंपियनशिप का आयोजन भी किया जाएगा।

### वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मनाया बैसाखी पर्व

# भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका रही प्रथम

प्राचार्या ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां जहां छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, वहीं अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़े रखती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं को सम्मानित करती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में सोमवार को बैसाखी के उपलक्ष्य में पंजाबी लोक नृत्य गिद्धा तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता की गई। प्रतिभागी छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शानदार गिद्धा प्रस्तुत किया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों, सामाजिक समानता के प्रति उनके प्रयासों तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक विचार रखे। भाषण प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां जहां छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, वहीं अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़े रखती हैं। साथ ही उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को अपनाने और उन्हें अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में अहिल्याबाई होल्कर सदन से प्रियंका प्रथम रही। मेघा तथा काजल द्वितीय और सावित्रीबाई फुले सदन से हर्षिता तृतीय स्थान पर रही। पंजाबी नृत्य प्रतियोगिता में गार्गी सदन से तनु प्रथम, अहिल्याबाई होल्कर सदन से शिवानी द्वितीय व नेहा तृतीय रही। सांत्वना पुरस्कार प्रिया दलाई को मिला।



बहादुरगढ़। बैसाखी पर प्रस्तुति देते फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में दिखा बैसाखी का जोश

**बहादुरगढ़।** फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में सोमवार को बैसाखी उत्सव जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा में ईश्वर स्तुति से हुई। इसके बाद सुविचार से लेकर प्रश्नोत्तरी, भाषण, कविता पाठ, गायन युक्त संपूर्ण श्रृंखला व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत की गई। दसवीं कक्षा के होनहार छात्रों ने बैसाखी पर्व का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने कहा कि तनाव भरे जीवन में त्योहार हमें सकारात्मकता प्रदान करते हैं। प्राचार्या मोनिका राठी ने त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों की प्रस्तुति को सराहा। छात्र पंजाबी कुर्ती-सलवार और कुर्ता-पायजामा जैसे पारंपरिक परिधानों में बेहद आकर्षक लग रहे थे। बच्चों ने भांगड़ा और गिद्धा की ऊर्जावान प्रस्तुतियां दीं। ढोल की थाप पर छात्र थिरकते नजर आए। बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में बताया गया।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती प्रिंसिपल मधु दहिया। फोटो : हरिभूमि

### सेंट सोल्जर में उत्साह से मनाई बैसाखी

**बहादुरगढ़।** शहर के सेंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में बैसाखी हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल निदेशक डॉ. हरिंद्र सिंह व प्रधानाचार्या मधु दहिया ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। काव्या, तन्वी, आरोही, सुखदीप, पूर्वी समेत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में भांगड़ा एवं गिद्धा नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन में शिक्षिका जसलीन, गरिमा व मोनिका का विशेष योगदान रहा। डॉ. हरिंद्र सिंह व मधु दहिया ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बैसाखी पर्व कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को वैशाखी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने वैशाखी संबंधी गीतों पर नृत्य पेश कर सभी का मन मोहा। कक्षा छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने नए हिंदी - इंग्लिश पॉयम रिसीटेशन के साथ पंजाबी डांस में भाग लिया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों को वैशाखी पर्व संबंधी जानकारी दी। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया, प्रबंधक केएम डागर ने विद्यार्थियों को बताया कि सिख संप्रदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने आज के ही दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस मौके पर प्राइमरी एचओडी सपना अहलावत, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, कला अध्यापिका रितिका, जितेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### त्रिवेणी में आंबेडकर जयंती पर पुष्प किए अर्पित, बैसाखी पर भांगड़ा डाला

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती तथा पावन पर्व बैसाखी हर्षोल्लास के साथ मनाए गए। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, प्रधानाचार्या सुमित्रा महला तथा उप प्रधानाचार्या अनिल कुमार ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से डॉ. आंबेडकर के विचारों और बैसाखी के संदेश को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों भी ने भाषण, कविता एवं निबंध के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही भांगड़ा व गिद्धा समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



### बैसाखी पर हेल्दी लंच बॉक्स प्रतियोगिता में पौष्टिक भोजन लेकर पहुंचे विद्यार्थी

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में बैसाखी पर्व उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी पताकाओं, आकर्षक पोस्टरों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाषण, कविता पाठ और समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्धा ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए हेल्दी लंचबॉक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पौष्टिक और आकर्षक भोजन प्रस्तुत किया। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों की सराहना की।



झज्जर। खेत में दरांती से फसल कटाई सीखते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बैसाखी पर खेतों का शैक्षणिक भ्रमण कर विद्यार्थियों ने सीखा फसल कटाई कार्य

**झज्जर।** बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को तिरंग इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बैसाखी के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पर्व नव वर्ष की शुरुआत व फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है। यह पर्व किसानों की मेहनत को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को निकटवर्ती खेतों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। किसानों ने विद्यार्थियों को अपनी दैनिक कार्य प्रणाली से अवगत कराया। डायरेक्टर उषा गहलोत ने कहा कि बैसाखी जैसे पर्व हमें हमारी परंपराओं और किसानों के महत्व से जोड़ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और किसानों के परिश्रम का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि।

### आंबेडकर की याद में चलाया स्वच्छता अभियान

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आंबेडकर जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में जिलेभर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय कमलम में जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। 14 अप्रैल को जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं के आसपास सामूहिक रूप से सफाई करेंगे। शाम के समय दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह प्रयास सामाजिक समरसता, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले डीपीएस के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### डीपीएस में मनाई बैसाखी और आंबेडकर जयंती

**बहादुरगढ़।** सोमवार को शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व व आंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। स्कूल परिसर को बड़ा रंग-बिरंगा सजाया गया और विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें छात्रों ने बैसाखी पर्व और आंबेडकर जयंती पर प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने गिद्धा और भांगड़ा जैसे लोक नृत्य प्रस्तुत किए। जिसने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि बैसाखी का पर्व फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है और यह हमें मेहनत और एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधियां और लघु नाटक आयोजित किए।

### अधिवक्ताओं ने किया डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन



**झज्जर।** स्थानीय बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं द्वारा आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार प्रधान एडवोकेट दीपक गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा एडवोकेट जोगिंद्र तंवर द्वारा तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने और देश को एक मजबूत संविधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहेब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस मौके पर बार सचिव दीपक खत्री, पूर्व प्रधान अजीत सोलंकी, एडवोकेट दीपक डागर, मनोज गौड, अजय मेहरा, विपिन राज, विनोद कादियान, रवि, सुखबीर, मनीष सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**झज्जर।** मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत में भारतरत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदर इंडिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक रामफूल शास्त्री ने शिक्षकों के साथ मिलकर डॉक्टर बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान जहां अंग्रेजी टीचर दीपक कुमार ने बाबा साहेब के प्रेरक प्रसंगों व जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों व शिक्षकों को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया वहीं संस्कृत अध्यापिका रणजीत कौर ने वैसाखी पर्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### लोगों से किया बाबा साहेब के विचारों को अपनाने का आह्वान



**झज्जर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम संयोजक पीएसडब्ल्यू पूनम दहिया ने बताया कि मुख्यातिथि ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों की जो राह दिखाई है, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर अजय सिंगला, डॉक्टर प्रवीण, जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा, डीआईईसी मैनेजर अंजू, मेट्रन कृष्णा, नर्सिंग ऑफिसर कविता गुलिया, साइकोलॉजिस्ट विनोद कुमार, ऋषि कुमार, बिजेंद्र, सोमबीर, विकास, सतीश, चांद, सूरजभान, तारीफ आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। चुनाव के बाद प्रधान डॉ. उमेश शर्मा के साथ संस्था के सदस्य।

### डॉ. उमेश शर्मा बने ब्रह्म समाज सेवा समिति के प्रधान

**बहादुरगढ़।** डॉ. उमेश शर्मा को सर्वसम्मति से शहर की ब्रह्म समाज सेवा समिति का नया प्रधान चुना गया। निवर्तमान प्रधान महेश वशिष्ठ ने उन्हें कार्यभार सौंपा। डॉ. जयपाल शर्मा ने उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण करवाया। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने भी नवनिर्वाचित प्रधान व सदस्यों को बधाई दी। संस्था के पूर्व संरक्षक जगदीश भारद्वाज ने कहा कि संस्था हमारे सांस्कृतिक मूल्यों व भाईचारे को बनाए रखने के लिए कृतसंकल्प है। यहां विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। पूर्व प्रधान महेंद्र भारद्वाज ने नवनिर्वाचित प्रधान को बधाई देते हर सहयोग देने का आश्वासन दिया। अनिल शर्मा, राजकुमार शर्मा, रघुवीर कौशिक, पूर्व महासचिव जयवीर भारद्वाज, पूर्व प्रधान नरेश भारद्वाज, घनश्याम, अनिल शर्मा व विनोद आदि ने डॉ. उमेश शर्मा को प्रधान बने पर बधाई दी। चुनाव को निर्विरोध व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जयपाल शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. उमेश शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### मुरारी लाल बने भाविप के शाखा प्रधान

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के सदस्यों की आम बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए शाखा पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। सर्वसम्मति से मुरारी लाल गोयल को अध्यक्ष, नीरज गर्ग को शाखा सचिव, संजय गर्ग को कोषाध्यक्ष और डॉ. श्रुति गुप्ता को महिला सहभागिता का दायित्व दिया गया। नवनियुक्त प्रांतीय संरक्षक पवन जैन, प्रांतीय संगठन सचिव मूलचंद जोशी, जिला समन्वयक सतीश शर्मा और सह समन्वयक मुकेश बंसल का शाखा की ओर से स्वागत-सम्मान किया गया। बताया कि जिले की सभी शाखाएं परिषद की रीति नीति के अनुरूप सेवा, संस्कार, सम्पर्क, महिला सहभागिता और पर्यावरण संयोजक का नाम तय करके 17 अप्रैल तक तक जिला टीम के पास भेज दें। इस अवसर पर हरकिशन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुनील बंसल, राहुल सिंघल, संदीप दलाल, अशोक त्यागी, सुशील अग्रवाल, अतिन गुप्ता, एश्वर्य गर्ग, प्रवीण सिंघला, विनोद गर्ग, महेंद्र जिंदल, महेंद्र गोयल, समीर गुप्ता व चंचल गर्ग आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद नवनियुक्त भाविप पदाधिकारी।

### हरदयाल स्कूल में किया यश का स्वागत



बहादुरगढ़। यश को बधाई देती अनुराधा यादव व अंशु यादव। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल लेवल गेम्स के अंडर-17 आयुवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले यश यादव का हरदयाल पब्लिक स्कूल में स्वागत किया गया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव, श्रुति यादव व प्रधानाचार्या अंशु यादव ने यश यादव और उसके परिवार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बताया कि यश यादव का चयन उज्बेकिस्तान में होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा।

# श्री महावीर जैन हाई स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के श्री महावीर जैन हाई स्कूल में विद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्णजयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र एसडीएम शुभम सोलंकी ने शिरकत की। उन्होंने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यही वह स्थान है जिसने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ सफलता हासिल करने का संदेश दिया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता मनीष बंसल, प्रीतम कुकडोला, संदीप सहरावत, गौरव सिंघल, जैन समाज के प्रधान विपिन जैन, सतपाल जैन, भरतेश जैन आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद प्राचार्य ने स्कूल की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय द्वारा हासिल की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा। मंच संचालन आचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रेसिडेंट विनय जैन, सेक्रेटरी विवेक जैन एवं एडमिनिस्ट्रेटर शिप्रा जैन ने उपस्थित अभिभावकों एवं मौजिज लोगों का आभार व्यक्त किया।




झज्जर। स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित अभिभावक विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कुलदीप वत्स एवं प्रबुद्धजन।

### शहीद मेजर अमित देशवाल को किया नमन

**झज्जर।** गांव सुरेहती में सोमवार को शहीद मेजर अमित देशवाल का शहादत दिवस मनाया गया। शहीद मेजर अमित देशवाल कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर कुलदीप वत्स व 21पैरा रेजीमेंट के कैप्टन कर्नल मनीष चतुर्वेदी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शहीद मेजर अमित देशवाल के भाई अंकित देशवाल ने बताया कि 13 अप्रैल 2016 को मणिपुर में आतंकियों से लोहा लेते हुए उसके भाई मेजर अमित देशवाल ने देश रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। शहीद के पिता ऋषि राम देशवाल व शहीद वीरांगना नीता देशवाल ने अपने-अपने संबोधन में उनकी शहादत पर गर्व जताया। रमेश कलावड़िया व बिजेंद्र द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बोर्ड कक्षाओं में मेरिट में स्थान बनाने वाले होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रमुख सुरेंद्र सिंह धनखड़, टन्नुमल शर्मा, सोमबीर बेनीवाल, प्रिया कटारिया, अजय शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005